होली खेले तो हमारे घर आजा सांवरिया

होली खेले तो हमारे घर आजा सांवरिया,
आजा सांवरिया हमारे घर आजा सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

सास ससुर मेरे गए सत्संग में सूनी वाखड़िया,
पिछवाड़े मेरी धरी नसेनी चढ़ आ सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

जेठ जेठानी मेरे गए कीर्तन में सूनी दुकड़िया,
पिछवाड़े मेरी धरी चढ़ आ सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

देवर देवरानी मेरे गए खेतन में सूनी बाखड़िया,
पिछवाड़े मेरी धरी नसेनी चढ़ा आ सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

ननंद हमारी गई सासरे सूनी बागड़िया,
पिछवाड़े मेरी धरी नशेनी में चढ़ आ सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

बलम हमारे गए नौकरी सूनी अटरिया,
पिछवाड़े मेरी धरी नसैनी चढ़ा आ सांवरिया,
होली खेले तो हमारे घर....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25849/title/holi-khele-to-humare-ghar-aaja-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |